भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3445**
उत्तर देने की तारीख 16.12.2024

**आंध्र प्रदेश में संग्रहालय अनुदान योजना**

**3445. श्री जी. लक्ष्मीनारायण :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) संग्रहालय अनुदान योजना के अंतर्गत आन्ध्र प्रदेश से इसके विभिन्न घटकों में प्राप्त प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है और प्रत्येक प्रस्ताव की जिला-वार वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) आन्ध्र प्रदेश में उक्त योजना के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और इन परियोजनाओं के लिए आबंटित, जारी, उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है और इन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) ने संशोधित दिशानिर्देशों के अंतर्गत उक्त योजना के अधीन अनुदान, विशेषकर आन्ध्र प्रदेश राज्य के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं और यदि हां, तो ऐसे प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त राज्य में संशोधित दिशानिर्देशों के अंतर्गत आभासी प्रायोगिक संग्रहालय (वीईएम) के रूप में उन्नयन किए जाने की योजना अथवा प्रस्तावित किन्हीं संग्रहालयों की वर्तमान स्थिति और वित्तीय आबंटन सहित ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): संग्रहालय अनुदान स्कीम के विभिन्न घटकों के अंतर्गत विगत तीन वर्षों 2021-22 से 2023-24 तक आंध्र प्रदेश सरकार से 09 (नौ) प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। प्रस्तावों का ब्यौरा **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है।

(ख): संग्रहालय अनुदान स्कीम के अंतर्गत विगत तीन वर्षों 2021-22 से 2023-24 तक 03 (तीन) प्रस्ताव अनुमोदित किए गए और निधियां जारी की गई हैं। अनुमोदित प्रस्तावों का ब्यौरा **अनुलग्नक-II** पर संलग्न है।

(ग): जी, नहीं।

(घ): संग्रहालय अनुदान स्कीम के संशोधित दिशानिर्देशों के अंतर्गत संग्रहालयों को आभासी अनुभवजन्य संग्रहालयों (वीईएम) के रूप में स्तरोन्नत करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

**अनुलग्नक-I**

**'आंध्र प्रदेश में संग्रहालय अनुदान योजना' के संबंध में दिनांक 16 दिसम्बर, 2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3445 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**संग्रहालय अनुदान स्कीम के अंतर्गत आंध्र प्रदेश से प्राप्त प्रस्तावों का ब्यौरा**

| क्र. सं. | जिला | विभाग/संगठन का नाम | घटक | अभ्युक्तियां/अवस्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | करनूल | पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा जिला पुरातत्व संग्रहालय, कुरनूल टाउन, कुरनूल जिले के लिए उन्नत डिजिटल संवादमूलक डिस्प्ले प्रौद्योगिकियों के साथ नए भवन और प्रदर्शन कार्यों के निर्माण के लिए। | संग्रहालय का विकास | मंत्रालय में प्रस्ताव की जांच की गई और इसमें कुछ कमियां पाई गईं। परियोजना घटकों पर 01.02.2024 को स्पष्टीकरण मांगा गया है, जो अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। |
| 2. | गुंटूर | पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा बौद्धश्री पुरातत्व संग्रहालय, गुंटूर शहर, जिला गुंटूर के विकास के लिए | संग्रहालय का विकास | मंत्रालय में प्रस्ताव की जांच की गई और कुछ कमियां पाई गईं। परियोजना घटकों पर 02.05.2024 को स्पष्टीकरण मांगा गया है, जो अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। |
| 3. | अनंतपुर | संत श्री सेवालाल महाराज धर्मार्थ न्यास, बंजारा सामुदायिक संग्रहालय, सेवागढ़, अनंतपुरमू के संग्रहालय/डिज़ाइन विकास की स्थापना के लिए | संग्रहालय की स्थापना | मंत्रालय में प्रस्ताव की जांच की गई और कुछ कमियां पाई गईं। परियोजना घटकों पर 21.05.2024 को स्पष्टीकरण मांगा गया है, जो अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। |
| 4. | अनंतपुर | संत श्री सेवालाल महाराज धर्मार्थ न्यास, बंजारा सामुदायिक संग्रहालय, सेवागढ़, अनंतपुरमू के संग्रहालय/डिज़ाइन विकास की स्थापना के लिए | संग्रहालय की स्थापना | मंत्रालय में प्रस्ताव की जांच की गई और कुछ कमियां पाई गईं। परियोजना घटकों पर 11.07.2024 को स्पष्टीकरण मांगा गया, 12.08.2024 को उत्तर प्राप्त हुआ है। |
| 5. | काकीनाड़ा | पुरातत्व और संग्रहालय विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार, आंध्र प्रदेश आंध्र सरकार के विकास कार्य साहित्य परिषद संग्रहालय, शहर, काकीनाडा जिला, काकीनाडा | संग्रहालय का विकास | प्रस्ताव विशेषज्ञ समिति द्वारा प्राप्त एवं अनुमोदित किया गया। परियोजना प्रस्ताव के लिए 10.00 करोड़ रुपए की राशि संस्वीकृत की गई। |
| 6. | विशाखापत्तनम | आंध्र प्रदेश विज्ञान शहर, आंध्र प्रदेश सरकार को कैलासगिरि | संग्रहालय की | प्रस्ताव प्राप्त हुआ और विशेषज्ञ समिति द्वारा अनुमोदित किया |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | (डोवरी कोंडा), विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में नए संग्रहालय की स्थापना के लिए | स्थापना | गया। 3.752 करोड़ रुपये की राशि संस्वीकृत की गई और परियोजना के लिए 1.876 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। |
| 7. | पूर्वी गोदावरी | पुरातत्व और संग्रहालय विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार, आंध्र प्रदेश, रल्लाबांडी सुब्बा राव पुरातत्व, पूर्वी गोदावरी जिले के विकास के लिए | संग्रहालय का विकास | प्रस्ताव प्राप्त हुआ और विशेषज्ञ समिति द्वारा अनुमोदित किया गया। परियोजना के लिए 4.00 करोड़ रुपये की राशि संस्वीकृत की गई और 2.00 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। |
| 8. | अनंतपुर | पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार, पेनुकोंडा में नए संग्रहालय भवन के निर्माण, भुवना विजयम संग्रहालय की योजना, अवधारणा और डिजाइन विकास के लिए | संग्रहालय का विकास | मंत्रालय में प्रस्ताव की जांच की गई और कुछ कमियां पाई गईं। परियोजना घटकों पर 28.12.2022 को स्पष्टीकरण मांगा गया था, जो अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। |
| 9. | विजयनगरम | पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार, विजयनगरम शहर और जिला, आंध्र प्रदेश में टॉय संग्रहालय की स्थापना के लिए | संग्रहालय का विकास | यह प्रस्ताव संग्रहालय अनुदान स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुसार सुधारात्मक नहीं था। परियोजना प्रस्तावक को निर्धारित प्रारूप के अनुसार प्रस्ताव प्रस्तुत करने की सलाह दी गई है। |

*****

**अनुलग्नक-II**

**'आंध्र प्रदेश में संग्रहालय अनुदान योजना' के संबंध में दिनांक 16 दिसम्बर, 2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3445 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**संग्रहालय अनुदान योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश हेतु अनुमोदित प्रस्तावों का ब्यौरा**

**(लाख रुपये में)**

| क्र. सं. | जिला | विभाग/संगठन का नाम | घटक | **अनुमोदित संस्वीकृत राशि** | विगत तीन वर्षों के दौरान जारी निधि | वर्तमान अवस्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विशाखापत्तनम | आंध्र प्रदेश विज्ञान शहर, आंध्र प्रदेश सरकार को कैलासगिरि (डोवरी कोंडा), विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में नए संग्रहालय की स्थापना के लिए | नए संग्रहालयों की स्थापना | 375.20 | 187.60 | जारी परियोजना |
| 2. | गोदावरी | पुरातत्व और संग्रहालय विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार को रल्लाबंदी सुब्बा राव पुरातत्व, पूर्वी गोदावरी जिला आंध्र प्रदेश के विकास के लिए | मौजूदा संग्रहालयों की स्थापना | 400.00 | 200.00 | जारी परियोजना |
| 3. | काकिनाड़ा | पुरातत्व और संग्रहालय विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार को आंध्र साहित्य परिषद राजकीय संग्रहालय, काकिनाड़ा शहर, काकिनाड़ा जिला के विकास के लिए | संग्रहालयों का विकास | 1000.00 | - | विशेषज्ञ समिति ने प्रस्ताव को 27.02.2024 को अनुमोदित कर दिया था। |

*****